# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

## हल्द्वानी

## महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

### माह अक्टूबर, 2019

# विश्वविद्यालय का 14वॉ स्थापना दिवस

## दिनांक 31 अक्टूबर, 2019

दिनांक 31 अक्टूबर, 2019 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वाविद्यालय का 12वॉ स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अविचल कपूर, संयुक्त निदेशक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को स्थापना दिवस व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया।




डॉ अविचल कपूर, स्थापना दिवस व्यख्यान देते हुए

समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालयके कुलपति प्रोफेसर ओ0 पी0 एस नेगी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा के निदेशक डॉ0 एस0सी0 पंत को आमंत्रित किया गया था। समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ0 अविचल कपूर ने वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा व्यवस्था की प्रासंगिकता में सकारात्मक रूप में वृद्धि को विस्तृत रूप में व्यक्त किया।

उन्होंने नवीन मानाकों के अनुरूप उच्च एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति के विश्वविद्यालय के नियमन को जरूरी बताया। उन्होनेंकहा कि प्रवेश, परीक्षा, विद्यार्थियों की सुविधा,अध्ययन केन्द्रों की व्यवस्था, अधारभूत संरचना, अध्ययन सामग्रियों के लेखन, सम्पादन एवं वितरण की व्यवस्था में अधिकाधिक सम्पन्न बना कर ही मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति को भविष्य की चुनौतियों हेतु तैयार किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा को रोजगारपरक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए समुचित प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय से कहा कि अपने उत्तीर्ण एवं सफल विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करने तथा इस आधार पर नवीन विद्यार्थियों को प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 एस0सी0 पंत ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की पहुॅच प्रदेश के ऐसे सुदूरवर्ती एवं अगम्य स्थानों तक हैं जहॉ के निवासियों तक परम्परागत शिक्षण पद्धति की पहुँच अब तक नहीं थी। प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रचार प्रसार में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका को उन्होंने महत्वपूर्ण माना।

समारोह की अध्यक्षता करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफसर ओ0पी0एस0 नेगी ने कहा कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अभी अपनी किशोरावस्था में ही है परन्तु अपने प्रथम सत्र में 2700 विद्याथियों वाला यह विश्वविद्यालय आज 14 वर्षो में 70 हजार विद्यार्थियों के सत्र का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। कुलपति ने कहा कि प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों का यह विश्वास हमारी कार्यपद्धत्ति एवं सहायता-सेवाओं पर स्वयं एक सकारात्मक टिप्पणी है। कुलपति महोदय ने

विश्वविद्यालय की प्रगति एवं उन्नयन के प्रति अपनी आशा प्रकट की तथा सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के न्यूज लैटर 'उड़ान' के नवीन संयुक्तांक का विमोचन भी किया गया।

कुलसचिव श्री भरत सिंह ने सभी उपस्थित आगंतुकों, अतिथियों, निदेशकों, शिक्षकों, अधिकारीयों एवं कार्मिकों के प्रति आभार प्रकट किया तथा सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समी निदेशक, शिक्षक, अधिकारी एवं कार्मिक एवं उपस्थित थे।



स्थापना दिवस में मा0 कुलपति जी विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुये।

**(A copy of 14th foundation Lecture and University's Newsletter "UDAAN" is attached)**

## विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक द्वारा ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ़ श्रीलंका में शोध

स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ जीतेन्द्र पाण्डे का चयन एशियन एसोसिएशन ऑफ़ ओपन यूनिवर्सिटीज की प्रतिष्ठित स्टाफ एक्सचेंज फ़ेलोशिप के लिए हुआ जिसके अंतर्गत डॉ0 पाण्डे ने 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2019 तक ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ़ श्रीलंका में A comparative study of Open Educational practices at Uttarakhand Open University(UOU), India & Open University of Sri Lanka, Srilanka विषय में शोध किया|




ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ़ श्रीलंका में शोध करते डॉ0 पाण्डे

# परीक्षा

- दिसम्बर–2019 की परीक्षा हेतु मुख्य परीक्षा आवेदन 10795, बैक परीक्षा आवेदन 14374 एवं सुधार परीक्षा हेतु 790 (कुल 15557) आवेदन प्राप्त हो चुके है।
- दिनांक 03 दिसम्बर 2019 को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 16 नवम्बर 2019 तक आवेदित किये जाने हेतु ऑनलाइन लिंक व सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट में उपलब्ध करायी जा चुकी है। विद्यार्थियों को एस0एम0एस0 तथा समाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचना प्रसारित की जा चुकि है।
- सितम्बर माह ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से आवेदित 113 मूल उपाधियॉ एवं 127 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाण पत्र /सत्यापन वाहक/डाक से प्रेषित की गई।

# पाठ्य सामग्री वितरण

विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों को अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय के शीतकालीन सत्र 2019–19 में पंजीकृत छात्रों को प्रेषित अध्ययन सामग्री का विवरण निम्नवत् है–

**Book Distribution Status Previous Session (2019-19-Winter)**

| | |
|---|---|
| **Total Students** | 9492 |
| **Regional Centre** | **Issued Books** |
| 11 Dehradun | 3396 |
| 12 Roorkee | 1656 |
| 14 Pauri | 642 |
| 15 Uttar Kashi | 616 |
| 16 Haldwani | 1859 |
| 17 Ranikhet | 623 |
| 18 Pithoragarh | 304 |
| 19 Bageshwar | 157 |
| **Books Packed/Dispatched For** | 9253 |

# प्रवेश

सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय में 46762 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया है जिसकी सूचना दिनांक 10 अक्टूबर, 2019 को यू0जी0सी0 को प्रेषित कर दी गई है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में अनेकानेक कारणों से सैकड़ों विद्यार्थी अभी भी प्रवेश से वंचित रह गये है उनके लिए विश्वविद्यालय में 1 जनवरी 2020 से 29 फरवरी 2020 तक शीतकालीन सत्र 2020–20 प्रारंभ करने का प्रस्ताव प्रवेश समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 30 अक्टूबर, 2019 को लिया गया।

## विश्वविद्यालय के  दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित तैयारियॉ

विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह (दिनांक 3 दिसम्बर, 2019) में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपाधि प्रदान की जानी है। इसके साथ ही इन उपाधि धारकों में से सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुलाधिपति जी द्वारा स्वर्ण पदक भी प्रदान किये जाने है। समारोह हेतु 31 अक्टूबर, 2019 तक  1408 ऑनलाईन व  ऑफलाईन आवेदन प्राप्त हो चुके है।

## गॉधी जयंती तथा स्वच्छता कार्यक्रम

विश्वविद्यालय में प्रति वर्ष क्रमशः राष्ट्रीय पर्वों के क्रम में गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी), स्वतन्त्रता दिवस समारोह (15 अगस्त), शिक्षक दिवस समारोह ( 05 सितम्बर), हिन्दी दिवस समारोह (14 सितम्बर), एवं गांधी जयन्ती समारोह (02 अक्टूबर) का आयोजन सफलतापूर्वक किया जाता रहा है | गांधी जयन्ती समारोह के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री (स्व.) श्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती का भी आयोजन किया गया | वर्ष 2015 से गांधी जयन्ती समारोह के अवसर पर गांधी स्मृति व्याख्यान का शुभारंभ किया गया | प्रथम गांधी स्मृति व्याख्यान प्रोफेसर आर.सी. मिश्र द्वारा प्रादन किया गया | इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियानों का आयोजन भी किया जाता रहा है | जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं निकट के क्षेत्र की सफाई की जाती है |




विश्वविद्यालय के कार्मिका स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करते हुये।

इसी क्रम में इस वर्ष भी 02अक्टूबर 2019  को विश्वविद्यालय में  गांधी जयन्ती समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया | विश्वविद्यालय के सभी सदस्य प्रातः 08:45 बजे परिसर में उपस्थित हुए | समारोह की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर एच.पी. शुक्ल द्वारा की गयी | अपने अध्क्षीय उद्बोधन में प्रोफ़ेसर शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व में भारतीयता एवं महात्मा के विचारों की प्रासंगिकता को बढ़ावा मिला है| कुलसचिव श्री भरत सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया |

समारोह का समन्वयन एवं संचालन डॉ. राजेन्द्र कैड़ा द्वारा किया गया | समारोह के अंतिम चरण में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वच्छता अभियान में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया |

# शोध एवं नवाचार

- शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधार्थी श्री दिनेश चन्द्र काण्डपाल, (नामांकन संख्या–12027660), की विभागीय शोध सलाहकार समिति की बैठक, दिनांक **25 अक्टूबर 2019** को सम्पन्न करा ली गयी हैं। बैठक में समिति द्वारा शोधार्थी की मौखिकी परीक्षा का आयोजन कराये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।
- शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधार्थी श्रीमती प्रियंका सांगुड़ी फुलारा, (नामांकन संख्या–13040404), की विभागीय शोध सलाहकार समिति की बैठक, दिनांक **30 अक्टूबर 2019** को सम्पन्न करा ली गयी हैं। बैठक में समिति द्वारा शोधार्थी की मौखिकी परीक्षा का आयोजन कराये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।
- शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के शोधार्थी श्री भुवन चन्द्र तिवारी, (नामांकन संख्या–12027911), की विभागीय शोध सलाहकार समिति की बैठक, दिनांक **30 अक्टूबर 2019** को सम्पन्न करा ली गयी हैं। बैठक में समिति द्वारा शोधार्थी की मौखिकी परीक्षा का आयोजन कराये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

- पीएच0डी0 साक्षात्कार परीक्षा–2018 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जिन्होंने शोध एवं नवाचार निदेशालय में आकर अपने प्रवेश आवेदन प्रपत्र जमा किये गये थे, उन समस्त अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक कुल तीन दिन का प्रेरण/अभिविन्यास कार्यक्रम विश्वविद्यालय सेमिनार हॉल में सम्पन्न करा लिया गया है।

## "Lecture Demonstration on Drone Technology"

दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 को विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग द्वारा यूसर्क, देहरादून के सहयोग से ड्रोन तकनीक पर व्याख्यान व डैमो आयोजित किया गया। आइटीआइ मुम्बई के एरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के रिसर्च साइंटिस्ट रमन वर्मा ने शिक्षकों को ड्रोन से संबंधित जानकारी दी। यू सर्क के निदेशक प्रो0 दुर्गेश पंत ने राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में ड्रोन का महत्व व उपयोगिता पर प्रकाश डाला।



आइटीआइ मुम्बई के एरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के रिसर्च साइंटिस्ट रमन वर्मा ने शिक्षकों को ड्रोन से संबंधित जानकारी देते हुये

# <u>अकादमिक गतिविधियॉ</u>

- डॉ0 कमल देवलाल, सहायक प्राध्यापक द्वारा दिनांक 03–07 अक्टूबर तक फेकल्टी डवलपमेंट कार्यक्रम "Design Development and Delivery of MOOCs" हेतु STRIDE IGNOU, New Delhi में प्रतिभाग किया।

- **Mr. Mohd Akram, Assistant Professor, Dr. Rajesh Mathpal and Dr. Meenakshi Rana, Dr. Shivangi Upadhyay, Dr. Kamlesh Bisht, Dr. Mukta Joshi, Academic Associate** attended teleconferencing sessions on "Teleconferencing on 'Copyright and Plagiarism in Research and ODL' - reg." on 22nd October, 2019 from 3-5 PM Live at EMPC Studio, IGNOU, Maidan Garhi, New Delhi.
- Dr. Bhupen Singh, Asst. Professor, Journalism and mass communication participated in a national workshop on "COMMUNITY RADIO – A TOOL FOR COMMUNITY DEVELOPMENT IN INDIA", held in Delhi on October 22, 2019, organized by Commonwealth Educational Media Centre For Asia (CEMCA).

# <u>अन्य गतिविधियॉ</u>

- मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 28/10/19 को माननीय श्री राज्यपाल कुलाधिपति महोदया तथा 26/10/10 को मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी से शिष्टाचार भेंट की तथा दिपावली की शुभकामनायें दी।
- माह अक्टूबर, 2019 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त प्रवेश से संबंधित कार्य, शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/संशोधन, अध्ययन सामग्री/पुस्तकों की संरचना/प्रकाशन आदि कार्य किये जा रहे है। विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना का अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किये गये।

**(विश्वविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- ख)**